भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 497
दिनांक 09.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

यूक्रेन के विद्यार्थियों को भारत की सलाह

497. **श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
श्री अरुण साव:
श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:
श्री विजय बघेलः
श्री देवजी पटेल:
श्री पी.सी. मोहनः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यूक्रेन–रूस युद्ध के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी सलाह के बावजूद बड़ी संख्या में भारतीय छात्र यूक्रेन में अध्ययन कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र–वार यूक्रेन और अन्य युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे भारतीय छात्रों और भारत के अन्य नागरिकों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त लोगों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्रीमती मीनाक्षी लेखी]

(क) से (घ) कीव में स्थित भारतीय मिशन ने 25 अक्टूबर, 2022 को एक परामर्शी जारी की थी जिसमें सभी भारतीय नागरिकों को उपलब्ध साधनों का उपयोग करते हुए तत्काल यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी गई थी। हालांकि यूक्रेन में चिकित्सा की शिक्षा प्राप्त करने वाले अधिकांश भारतीय छात्र युद्ध आरंभ होने के पश्चात भारत लौट आए हैं, लगभग 1100 भारतीय छात्र और लगभग 90 अन्य भारतीय नागरिक अभी भी यूक्रेन में हैं। यूक्रेन की स्थिति को देखते हुए, वहां भारतीय नागरिकों की संख्या बदलती रहती है।

कीव में स्थित भारतीय मिशन ने अपनी परामर्शी में भारतीय नागरिकों को सीमा पार करने के लिए उपलब्ध विकल्पों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की थी और यह आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए यूक्रेन में हमारे नागरिकों के संपर्क में रहता है।

*****